ning Programme has been prepared to enable societies at the Primary level to expand and diversify their business to achieve financial viability. Besides, specific relaxations in the norms for sanction of credit limits as well as operational disciplins, have been provided to banks operating in backward regions to ensure uninterrupted flow of refinance from NABARD.

खाद्यान्नों का उत्पादन कम होना

1867. **श्री राम जेठमलानी:** क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि देश में गेहूं, चावल, दलहन, तिलहन तथा मोटे अनाजों के उत्पादन की प्रति हैक्टेयर दर विश्व में उनके उत्पादन की औसत दर की तुलना में बहुत कम है;

(ख) यदि हां, तो देश में उपरोक्त खाद्यान्नों की औसत उत्पादन दर क्या है और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर इनकी प्रति हैक्टेयर उत्पादन दर क्या है; और

(ग) देश में उत्पादन बढ़ाने हेतु नौवीं पंचवर्षीय योजना के अन्त में उपरोक्त खाद्यान्नों की प्रति हैक्टेयर उत्पादन के लिये क्या-क्या लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० एस० वेणुगोपालाचारी): (क) और (ख) गेहूं को छोड़कर प्रश्न में उल्लिखित सभी फसलों का भारत में प्रति हैक्टेयर औसत उत्पादन, विश्व की औसत से कम है। विवरण निम्नलिखित सारणी में दिया गया है:—

विश्व की औसत की तुलना में 1995 में भारत में फसलों की औसत उत्पादकता।

(कि.ग्रा./हैक्टेयर)

मद	विश्व	भारत
गेहूं	2453	2482
धान	3689	2879
मोटे अनाज	2476	900
कुल दालें	796	595
तिलहन		
सोयाबीन	2022	920
मूंगफली (छिलके सहित)	1245	855
सूरजमुखी के बीज	1219	535
तोरिया के बीज	1408	888
अलसी के बीज	825	386

(ग) पंचवर्षीय योजना में प्रति हैक्टेयर उत्पादन दर के लिए लक्ष्य निर्धारित नहीं किए गए हैं। 9 वीं योजना के लिए खाद्यान्नों के उत्पादन के लक्ष्यों को अभी अंतिम रूप दिया जाना है।

Visit to flood affected areas of Ahmedabad city

1868. SHRI RAJUBHAI PARMAR: Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state:

(a) whether he has visited the flood affected areas of Mehsana, Sundarnagar and Ahmedabad city and districts in June-July this year;

(b) if so, what was his assessment about the devastation caused; and

(c) what demand was made by the State Government for relief of the victims and how far the demand was met?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (DR. S. VENUGOPALACHARI): (a) Agriculture Minister visited Gujarat on 29th June, 1997 and surveyed some of the flood affected areas of Mehsana, Surendranagar and Ahmedabad districts.